**GREEN LAWNS HIGH SCHOOL**
**PRELIMINARY EXAMINATION YEAR 2020-21**

**SUBJECT : HINDI** **CLASS : X**
**TIME : 3 HOURS** **MARKS: 80**

---

**Answer to this paper must be written on the paper provided separately.**
**You will not be allowed to write during the first 10 minutes.**
**This time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.**

**This paper comprises of two Sections: Section A and Section B.**
**Attempt All the questions from Section A.**
**Attempt four questions from Section B answering at least one question each from the two books. You have studied and any two other questions from the same books you have compulsorily chosen.**
**The intended marks for Questions or parts of Questions are given in brackets [ ] .**

**--------------------------------------------------------------------------------**

**Section—A (40 Marks)**
**Attempt all questions**

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words of any one of the following topics:--** **[15]**

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में लगभग **250** शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :-----

(I)तकनीकी विकास ने मानव को सुविधाओं का दास बना दिया है' - इस विषय पर अपने विचार व्यक्त - कीजिए।

(II)समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए कड़े कानून की नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है- विषय के पक्ष या विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(III)  ई-लर्निंग क्या है? यह पारंपरिक शिक्षा से किस प्रकार बेहतर है? क्या इसके आने के बाद शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह बदल जाएगी ? अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(IV)एक ऐसी मौलिक कहानी लिखिए जिसका अंतिम वाक्य हो :
......... और इस तरह उन्होंने मुझे माफ कर दिया।

(V) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख,घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए ।



Question 2

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below :------- [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:----

(1) अपने खाते को इंटरनेट बैंकिंग से जोड़ने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक को पत्र लिखिए ।

(2) अपका छोटा भाई दसवीं की परीक्षा में अच्छा ग्रेड लाने पर मोटरसाइकिल उपहार स्वरूप पिता जी से लेना चाहता है उसे समझाते हुए पत्र लिखिए कि इस उम्र में मोटरसाइकिल लेना उचित नहीं है।

Question 3

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :–

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :----

गत कुछ वर्षों में जिस तरह मोबाइल फ़ोन-उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, उसी अनुपात में सेवा प्रदाता कंपनियों ने जगह-जगह टावर खड़े कर दिए हैं। इसमें यह भी ध्यान नहीं रखा गया कि जिन रिहाइशी इलाकों में टावर लगाए जा रहे हैं, वहाँ रहने वाले और दूसरे जीवों के स्वास्थ्य पर क्या असर पड़ेगा। मोबाइल टावरों से होने वाले विकिरण से मनुष्य और पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर के मद्देनज़र विभिन्न-अदालतों में याचिकाएं दायर की गई हैं। शायद यही वजह है कि सरकार को इस दिशा में पहल करनी पड़ी। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार टावर लगाने वाली कंपनियों को अपने मौजूदा रेडियो फ्रिक्वेंसी क्षेत्र में दस फीसदी की कटौती करनी होगी।

मोबाइल टावरों के विकरण से होने वाली कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का मुद्दा देशभर में लोगों की चिंता का कारण बना हुआ है। पिछले कुछ महीनों में आम नागरिकों और आवासीय कल्याण-संगठनों ने न सिर्फ रिहाइशी इलाकों में नए टावर लगाने का विरोध किया, बल्कि मौजूदा टावरों पर भी सवाल उठाए हैं। अब तक कई अध्ययनों में ऐसी आशंकाएँ व्यक्त की जा चुकी हैं कि मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडियो तरंगें न केवल पशु-पक्षियों, बल्कि मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी कई रूपों में हानिकारक सिद्ध हो सकती हैं। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की ओर से कराए एक अध्ययन की रिपोर्ट में तथ्य सामने आए कि गौरैयों और मधुमक्खियों की तेज़ी से घटती संख्या के लिए बड़े पैमाने पर लगाए जा रहे मोबाइल टावरों से निकलने वाली विद्युत-चुंबकीय तरंगें कारण हैं।

इन पर हुए अध्ययनों में पाया गया है कि मोबाइल टावर के पाँच सौ मीटर की सीमा में रहने वाले लोग अनिद्रा, सिरदर्द, थकान, शारीरिक कमजोरी और त्वचा रोगों से ग्रस्त हो जाते हैं, जबकि कुछ लोगों में चिड़चिड़ापन और घबराहट बढ़ जाती है। फिर मोबाइल टावरों की रेडियो फ्रिक्वेंसी तरंगों को मनुष्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित मान लेने का क्या आधार हो सकता है? टावर लगाते समय मोबाइल कंपनियाँ तमाम नियम-कायदों को ताक पर रखने से नहीं हिचकतीं। इसलिए चुंबकीय तरंगों में कमी लाने के साथ-साथ, टावर लगाते समय नियमों की अनदेखी पर नकेल कसने की आवश्यकता है।

प्रश्नः (क) मोबाइल फ़ोन सेवा प्रदाता कंपनियों ने जगह-जगह टावर क्यों लगाए? उन्होंने किस बात की अनदेखी की? (2)

प्रश्नः (ख) सरकार द्वारा पहल करने का क्या कारण था? उसने क्या निर्देश दिए? (2)

प्रश्नः (ग) मोबाइल टावरों के प्रति लोगों की क्या प्रतिक्रिया हुई और क्यों? (2)

प्रश्नः (घ) मोबाइल टावर हमारे पर्यावरण के लिए कितने हानिकारक हैं ? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए। (2)

प्रश्नः (ङ) मोबाइल टावरों को सेहत के लिए सुरक्षित क्यों नहीं माना जा सकता है? (2)

Question 4

**Answer** the following according to the instructions given:------

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:------

(i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:--[1]
हिरण , शिखा, रचना

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही **दो** शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :---- [1]
जाग्रत , देय , तामसिक , जड़

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए :--- [1]
कड़वा , कंजूस, पालना, वैरी

(iv) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही **दो** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:----- [1]
सार्मथ्य , तृश्ना, कार्यक्रर्म , मिष्टान

(v) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** की सहायता से वाक्य बनाइए :--- [1]
तूती बोलना , चाँद पर थूकना

(vi) कोष्ठक में दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :-------
(क) गाँधी जी के आदर्श अनुकरण करने योग्य हैं । [1]
(रेखांकित का एक शब्द लिखते हुए वाक्य पुनः लिखिए)
(ख) पुलिस अपराधी को अवश्य पकड़ लेगी । [1]
(द्वारा शब्द का प्रयोग कीजिए)
(ग) बच्चा पुस्तक से कहानी पढ़ रहा है । [1]
(रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर वाक्य को पुन: लिखिए)

## SECTION- B(40 Marks)

Question from only **Two** of the following textbooks are to be answered.
Attempt **four** questions from this Section.
You must answer at least **one** question from each of the **two** books,you have studied and any **two** other questions from the same books that you have chosen.

## साहित्य सागर-संक्षिप्त कहानियाँ
## (Sahitya Sagar-Short Stories )

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:--

**फ़ैसला सुनकर रमजान की आँखो में खुन उतर आया । सोचने लगा,"यह दुनिया न्याय नगरी नहीं, अन्धेर नगरी है । चोरी पकड़ी गयी तो अपराध हो गया ।**

**असली अपराधी बड़ी-बड़ी कोठियों में बैठकर दोनों हाथों से धन बटोर रहे हैं ।उन्हें कोई नहीं पकड़ता।“**

(i)फैसला क्या था? किसके खिलाफ़ सुनाया गया? और क्यों? [2]

(ii)फ़ैसला सुनकर रमजान पर क्या प्रतिक्रिया हुई? अपने शब्दों में लिखिए ।[2]

(iii)रमजान ने दुनिया को अन्धेर नगरी क्यों कहा? उसका ऐसा कहना कहाँ तक उचित था? स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv)कहानी के आधर पर शेख साहब का चरित्र-चित्रण कीजिए । [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:-

“ सियार ने दाँत निपोरकर कहा,”हम क्या जानें महाराज ! हमारे तो आप ही ‘माई-बाप ‘ हैं ।हम तो कोई और सरकार नहीं जानते आपका दिया खाते हैं,आपके गुन गाते हैं ।“

(i)उपर्युक्त वाक्य किसने,किससे,कब और क्यों कहे? [2]

(ii)सियार ने किसको अपना ‘माई-बाप ‘कहा और क्यों? [2]

(iii)सियार किसका प्रतीक है?लेखक सियार के माध्यम से क्या सन्देश देना चाहता है? स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv)कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the question that follow:-

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए:--

**लेकिन भाई! एक बात समझ नहीं आई।" हालदार साहब ने पानवाले से फिर पूछा, "नेताजी का ओरिजिनल चश्मा कहाँ गया?"**

(i)प्रस्तुत कथन में नेताजी का ओरिजिनल चश्मा से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) मूर्तिकार कौन था और उसने मूर्ति का चश्मा क्यों नहीं बनाया था? स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii)सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv)"वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में। पागल है पागल!"कैप्टन के प्रति पानवाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। [3]

## साहित्य सागर- पद्य भाग

## (Sahitya Sagar – Poems)

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi** the questions that follow:--

निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए:--

“ जाके प्रिय न राम वैदेही ।
तजिय ताहि कोटि वैरी सम,जद्यपि परम सनेही ।
तज्यो पिता प्रह्लाद,विभीषण बन्धु, भरत महतारी
बलि गुरु तज्यो,कंत ब्रज बनितहि, भए मुद-मंगलकारी ।“

(i)’राम ‘एवं ‘वैदेही ‘शब्द किनके लिए प्रयुक्त किए गए हैं?उनके विषय मे संक्षेप में लिखिए । [2]

(ii)कवि ने किसका त्याग करने के लिए कहा है और क्यों? स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii)प्रह्लाद,विभीषण तथा भरत का उल्लेख कवि ने किस सन्दर्भ में किया है?स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv)महाकवि तुलसीदास जी के पदों में संकलित विचार आज के समय में कहाँ तक प्रासंगिक हैं? अपने विचार कारण सहित लिखिए । [3]

**Question 9**

**Read the extract given below and answer in Hindi** the questions that follow:--

निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए:--

काँकर पाथर जोरि कै, मसजिद लई बनाय ।
ता चढ़ि मुल्ला बाँग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय ।।
पाहन पूजे हरि मिले,तो मैं पूजूँ पहार ।
ताते ये चाकी भली,पीस खाय संसार ।।

(i) उपर्युक्त पंक्तियों में ‘पाहन पूजे ‘ से कबीर का क्या आशय है? स्पष्ट कीजिए । [2]

(ii) कबीर की भाषा पर अपने विचार लिखिए । [2]

(iii) सन्त कबीर के इन विचारों से आप कहाँ तक सहमत हैं? कारण सहित लिखिए । [3]

(iv) अर्थ लिखिए :-- जोरि कै, बाँग, खुदाय, ताते, भली, पहार [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi** the questions that follow:--

निम्नलिखित पद्यांश को पढिए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए:--

इस विशद विश्व-प्रवाह में
किसको नहीं बहना पड़ा
सुख-दुख हमारी ही तरह
किसको नहीं सहना पड़ा
फिर व्यर्थ क्यों कहता फिरूँ,मुझ पर विधाता वाम है ।
चलना हमारा काम है ।

(i) जीवन का चक्र किस प्रकार चलता है? समझाकर लिखिए । [2]

(ii) कवि असफलता का दोषारोपण ईश्वर पर मढ़ना क्यों नहीं चाहता? स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii) 'विधाता वाम है ' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । ऐसा हम कब सोचते हैं और क्यों? स्पष्ट कीजिए । [3]

(iv) भाग्य पर रोना मनुष्य की किस दुर्बलता की निशानी है? समझाकर लिखिए । [3]